Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 1st May, 2023

Notification issued by Professional Examination Board for Teacher Eligibility Test Examinations

पीईबी : एमपी टीईटी के एडमिट कार्ड जारी, परीक्षा 2 मई को होगी

इंदौर| मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा-2023 वर्ग-2 और 3 माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा और प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा 2 मई को होगी। इसमें दो पेपर होंगे। यह परीक्षा 150 अंकों की होगी। पहले पेपर में सामान्य हिंदी, सामान्य इंग्लिश, जनरल नॉलेज और करंट अफेयर्स के अलावा रीजनिंग और न्यूमेरिकल एबिलिटी सहित शिक्षा शास्त्र को शामिल किया गया है। इसमें निगेटिव मार्किंग 0.25 तय की गई है। MPPEB की ऑफिशियल वेबसाइट esb.mp.gov.in से एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकते हैं। एडमिट कार्ड के आधार पर ही उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। रिपोर्टिंग के बाद उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

जानिए एग्जाम सेंटर में क्या लेकर जाएं, क्या नहीं

मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना जरूरी होगा। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए यूआईडीएआई द्वारा इसे वेरिफाई किया जाएगा। इसके लिए ई-आधार को भी मान्य किया गया है। वही परीक्षा हॉल में प्रवेश बायोमेट्रिक प्रोसेस पूरी करने के बाद मिलेगा। ओरिजिनल एडमिट कार्ड और ओरिजिनल आइडेंटिटी कार्ड के अलावा अन्य कोई भी सामग्री एग्जाम सेंटर में ले जाना प्रतिबंधित है। परीक्षा केंद्र में किसी प्रकार के गैजेट केलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, मोबाइल सेल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाना वर्जित किया गया है। एडमिट कार्ड के दूसरे भाग में खुद के साइन किए हुए फोटो लगाना जरूरी होगा।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)